मैं भूल ना पाउँगा

मैं भूल ना पाउँगा, तेरे दर की यादें ॥
मैं सब को सुनाऊँगा, तेरे दर की यादें* ॥
मैं भूल ना पाउँगा, तेरे दर की यादें ॥

कैसे कैसे तुम महाँरानी, "अपने दर पे बुलाती हो*" ॥
ऊँचे पहाड़ों के नज़ारे, हम सब को दिखलाती हो*" ॥
घर घर में सुनाऊँगा, तेरे दर की यादें ॥
*मैं सब को सुनाऊँगा, तेरे दर की यादें ॥
मैं भूल ना पाउँगा,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

भक्त प्यारे दर पे तुम्हारे, "जयकारे माँ लगाते हैं*" ॥
रल मिल के तेरी भेंटे मईया, "सुनते और सुनाते हैं*" ॥
इस दिल में वसाऊँगा, तेरे दर की यादें ॥
*मैं सब को सुनाऊँगा, तेरे दर की यादें ॥
मैं भूल ना पाउँगा,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

गुफ़ा में बैठी तुम महाँरानी, "सबकी झोली भरती हो*" ॥
सब बच्चों के सर पर मईया, "हाथ मेहर का धरती हो*" ॥
सब को बतलाऊँगा, तेरे दर की यादें ॥
*मैं सब को सुनाऊँगा, तेरे दर की यादें ॥
मैं भूल ना पाउँगा,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

अपने घर में पहुँच के मईया, "कंज़कें तेरी बिठाता हूँ*" ॥
हलवे चने का भोग लगाकर, "दर्शन तेरा पाता हूँ*" ॥
सबको बतलाऊँगा, तेरे दर की यादें ॥
*मैं सब को सुनाऊँगा, तेरे दर की यादें ॥
मैं भूल ना पाउँगा,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24459/title/main-bhool-na-paunga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |